# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025




# जिले में छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का मिलेगा लाभ

## लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अब छुटे हुए परिवार को भी योजना का लाभ मिलेगा। आवास प्लस की प्रतीक्षा सूची में शामिल ऐसे लोगों को फिर से सर्वे कर योजना में शामिल किया जाएगा। खास बात यह है कि, इस योजना को केंद्र सरकार ने 2024-25 से 2028-29 तक बढ़ा दिया है। इसके बाद पीएम योजना से वंचित ग्रामीण भी योजना में शामिल होंगे।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि की गई है। योजनांतर्गत छूटे हुये पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने के लिए वर्ष 2018 में तैयार किए गए आवास प्लस सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए। इस महती योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक से संपर्क जरूर करें।

**खास बातें**

- सर्वेक्षण में शामिल होने के लिए पात्र हितग्राही ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक करें संपर्क
- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राही स्मार्ट फोन एवं पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी करा सकते हैं अपना सर्वेक्षण

### सॉफ्टवेयर के जरिए जिले में सर्वे

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है, सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है। नये मापदण्ड के आधार पर ग्राम पंचायतों में सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल करने के लिए प्रगणकों द्वारा आवास एप के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राही स्मार्ट फोन एवं पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी अपना सर्वेक्षण कर सकते है।




### खुद भी कर सकेंगे सर्वेक्षण में एंट्री

आवास योजना के तहत किए जाने वाले सर्वेक्षण में हितग्राही खुद भी जुड़ सकते हैं। इसके लिए स्मार्ट फोन के प्लेस्टोर में जाकर फेस ऑथेंटिकेशन सहित आवास प्लस के अपडेट लेटेस्ट वर्शन 2.1.20 के वेबसाईट **pmayg.nic.in** एवं आधार फेस आरडी (प्ले स्टोर) अपलोड कर सकते है। जिसके लिए पात्र परिवार का आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड सहित अन्य आवश्यक जानकारी अपलोड कर सकते है। इसमें किसी भी प्रकार के तकनीकी समस्या हेतु संबंधित जनपद पंचायत के आवास के कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है। योजना का लाभ उन्हीं पात्र परिवारों को दिया जाएगा, जो आवश्यक पात्रता की शर्तों को पूरा करेंगे।

**खबर संक्षेप**



### शहीदों के शहादत को किया नमन

**दुर्ग।** 23 मार्च को युवा समिति द्वारा शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु का शहादत दिवस पूरे सम्मान के साथ दादा दादी नाना नानी गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे द्वारा देश के क्रांतिकारियों के विचारों को गांव शहर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में आनंद गिलोर, लालदास महिलांगे, राहुल शर्मा, उत्तम, राजा, लोकेश, आकाश आदि शामिल हुए।

### छग सर्व समाज के संभाग अध्यक्ष बने भानु प्रताप



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के तत्वावधान में पांच बिल्डिंग स्थित सामुदायिक भवन दुर्ग में संगठन का विस्तार करते हुए अनेक महत्वपूर्ण पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा दुर्ग को दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बनाया गया। बैठक मे सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुरूप साहू संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, गैंदलाल वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख आदि मौजूद थे।

### एक दिन मोबाइल का रखें उपवास तो संस्कार बच्चों तक जाएगा : नीता


**दुर्ग।** सामाजिक सद्भाव प्रांत टोली के तत्वाधान में परिवार में संस्कार इस विषय को लेकर मातृशक्ति प्रबोधन के रूप में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अपने समाज एवं परिवार की सुरक्षा एवं विकास हेतु पूर्ण सजगता के साथ प्रयत्नशील रहते हुए परिवार में संस्कार सुरक्षा एवं प्रगति के ध्येय था। शकुंतला मंगलम दुर्ग में समाज में अपनी महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व को निभाने वाली विशेष मातृशक्तियों द्वारा मातृशक्ति प्रबोधन का आयोजन संस्कार में पारिवारिक सुरक्षा, संस्कार में परिवार का विकास, संस्कार में पारिवारिक सद्भाव, परिवार में संस्कार से धार्मिक एवं आध्यात्मिक उन्नति, परिवार में संस्कार से आने वाली पीढ़ी को दिशा निर्देश, आज के बदलते परिवेश में परिवार को कैसे सम्हालें विषय पर था।

**पर्व**

**मंदिरों में की जा रही तैयारी, देवालयों में रंग-रोगन और साज-सज्जा शुरू**

# इस बार आठ दिनों की होगी नवरात्रि, 30 से होगी शुरुआत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चैत्र नवरात्रि को लेकर जिले में तैयारी शुरू हो गई है। इस बार 30 मार्च से 6 अप्रैल तक यानी 8 दिनों तक देवालयों में मां के अलग-अलग रूपों के दर्शन होंगे। इसे लेकर मंदिरों में रंग-रोगन और विशेष साज-सज्जा शुरू हो गई है। 5 अप्रैल को अष्टमी पूजन के साथ अन्य अनुष्ठान और पूर्णाहुति होगी। साथ ही स्थापित ज्योत जंवारा का विसर्जन शुरू होगा। 6 अप्रैल को राम नवमी पर धार्मिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी।

जिले के देवालयों में नवरात्र की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बार द्वितीय व तृतीय तिथि एक दिन होने से इस बार 9 की जगह 8 ही दिन नवरात्र के होंगे। ज्योतिषाचार्य और भगवताचार्य ने बताया कि इस बार मां दुर्गा का आगमन और प्रस्थान हाथी पर होने से देश में सुख-समृद्धि एवं कृषि क्षेत्र में वृद्धि होगी। शक्ति और भक्ति के 9 दिवसीय पर्व चैत्र नवरात्र और विक्रम संवत सिद्धार्थी नाम संवत्सर-2082 की शुरुआत 30 मार्च से होगी। इस संवत्सर का राजा और मंत्री रवि (सूर्य) होंगे, जिसके फलस्वरूप गर्मी बहुत ज्यादा रहेगी और लोगों में क्रोध, उत्तेजना, कलह व नेत्र विकार बढ़ेंगे। जिस संवत्सर के राजा और मंत्री दोनों पद एक ही ग्रह को मिल जाए तो उस वर्ष में अच्छी बारिश, बेहतर पैदावार और कृषि में उन्नति के संकेत हैं। तृतीया तिथि का क्षय होने के कारण नवरात्र करीब सात साल बाद 9 के बजाय 8 दिन के होंगे। इस अवधि में देवी के 9 स्वरूपों की पूजा होगी। विशेष रूप से देखी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। खरीदारी के भी अलग-अलग संयोग रहेंगे। सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 6.24 से 7.07 बजे तक हैं। देवी पुराण के अनुसार घटस्थापना के लिए प्रातः काल का समय श्रेष्ठ हैं। घर, लाभ, अमृत का चौघड़िया और अभिजित मुहूर्त सुबह 7.56 से दोपहर 12.31 बजे तक हैं। दुर्गा का आगमन प्रस्थान हाथी पर होगा जो सुख-समृद्धि का प्रतीक हैं। रेवती नक्षत्र, ऐनद्र योग में कलश स्थापना होगी। इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। इस मौके पर मीन राशि में पंचगृही योग का संयोग भी बनेगा। जो सुख रामृद्धि कारक होगा।

### चंडी मंदिर में विशेष तैयारी

चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू हो चुकी है। विशेष रूप से माता भद्रकाली मंदिर में तैयारियां की जा रही है। इस मंदिर में सबसे ज्यादा ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। इसके अलावा शीतला मंदिर, मंदिर, मां कलिका मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सिद्धि माता मंदिर संडी, माता महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। मातारानी के भक्त पूरी तरह से मां की भक्ति में डूब जाएंगे। मातारानी की नौ रूपों में पूजा के लिये शहर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में साफ-सफाई के बाद रंग-रोगन हो रहा है। श्रद्धालुओं को दर्शन व जलाभिषेक में कोई परेशानी न हो, इसके लिये मंदिर कमेटियों ने अपने स्वयंसेवकों को सक्रिय कर दिया है।

### देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे हैं विशेष प्रबंध

इधर देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की सुरक्षा के भी विशेष प्रबंध किये गये हैं। यहां महिलाओं की सुरक्षा के लिये महिला पुलिस भी तैनात होगी। अराजक तत्वों पर भी नजर रखी जाएगी। देवी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों जहां महिलाओं की भीड़ ज्यादा होती है, उन मंदिरों में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। बता दें कि हिंदू चंद्र कैलेंडर के प्रथम माह को चैत्र के रूप में माना जाता है। इसलिए इस समय की नवरात्रि को चैत्र नवरात्रि कहा जाता है। मां के भक्त पूरे छह माह इन दिनों की बेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं। ज्योतिष की मानें तो मां दुर्गा के इस मुहूर्त में आगमन से अच्छी बारिश और अच्छी फसल के संकेत मिलते हैं। माता आगमन का मतलब सर्वसिद्धिदायक होता है। मां दुर्गा को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला बताया गया है।

# सेवा सुरक्षा : जरूरतमंदों को बांटे गए हेलमेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेवा सुरक्षा संस्कार के भाव को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर 151 हेलमेट का वितरण कार्यक्रम बजरंग दल दुर्ग एवं हिन्दू समाज के सहयोग से पटेल चौक दुर्ग में किया गया। मुख्य रूप से आरएसएस जिला संघचालक गंगाधर जाधव एवं जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के हाथो से बजरंगियों को हेलमेट पहनाकर सुरक्षा का अपने परिवारजन के प्रति दायित्व को बताया गया। उन्होंने कहा कि हमारे पास 1-2 साल तक ही उपयोग होने वाला मोबाइल होता है जिसको हम कवर एवं गार्ड लगाकर उसकी सुरक्षा करते है तो हमारा जीवन तो अमूल्य है तो उसकी सुरक्षा के लिए हमको हमेशा तत्पर रहना चाहिए क्योकि छोटी सी चूक हमारे परिवार के सुख शांति को बिगाड़ देगा इसलिए हमेशा सुरक्षित चले।

- 151 हेलमेट का किया गया वितरण

कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला माननीय संघचालक गंगाधर जाधव भैया, संघ दुर्ग नगर कार्यवाह महेश यादव जी, सह कार्यवाह अंजत ताम्रकार जी, हिंदू समाज के प्रतिष्ठित पवन चंद्राकर भैया जी,संजय साहू जी, प्रशांत साहू जी, आशुतोष सिंह जी, डोमेन्द्र सोनकर जी, करतार सिंग जी, मुकेश गुप्ताजी , विहिप प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा, विहिप विभाग मंत्री अनिल गुर्जर, बजरंग दल विभाग सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी, जिला संयोजक सौरभ देवांगन, जिला सह संयोजक खेमलाल सेन, पिंटू जाल,विहिप दुर्ग नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, बजरंग दल नगर संयोजक बलदाऊ साहू, सह संयोजक मिलाप निषाद, राकेश राज, गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा, सुरक्षा प्रमुख नीतेश यादव, अखाड़ा प्रमुख आशुतोष तिवारी, राहुल देवांगन, वैष्णव, जितेंद्र सिंग, युवराज शर्मा, वंश राजपूत, विक्की सिंह, किशन साहू, दीपक साहू, अरुण, राहुल,लीलेस, अमित, अनु, रवि राजपूत, गौरव जैन, सतीश चंदेल सहित सभी बजरंगी भाई उपस्थित रहे।

## थानखम्हरिया के भारत माता चौक में मनाया गया शहीद दिवस...



**थानखम्हरिया।** नगर के भारत माता चौक में शहीद दिवस के अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उपस्थित नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं युवाओं ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके राष्ट्रप्रेम और त्याग को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु सहित अन्य अमर शहीदों के बलिदान का गुणगान करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। भारत माता की जयघोष और देशभक्ति नारों से पूरा चौक गूंज उठा। इस अवसर पर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी एवं युवाओं ने भाग लिया और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## पूजा-अर्चना कर पौंड क्लीनर नदी में उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवनाथ नदी इंटकवेल के पंप हाऊस में पुलगांव नाला से बहकर आने वाली जलकुंभी व झिल्ली पन्नी फंसने के कारण हमेशा पेयजल आपूर्ति बाधित होती है इसे रोकने नगर निगम द्वारा लगभग 1 करोड़ 48 लाख की लागत से पौंड क्लीनर मशीन खरीदी गई है जिसका निगम के जल गृह विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के मौके पर वृहद नाला सफाई अभियान कार्य आरंभ किया। जिसकी शुरुआत करने महापौर श्रीमती अल्का बाघमार एमआईसी सदस्यों के साथ शिवनाथ नदी पहुंची और पूजा अर्चना के पश्चात पौंड क्लीनर मशीन में सवार होकर नदी में जमे जलकुंभियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सफाई अभियान नियमित चलाकर पुलंगाव नाला में भरे कचरे व जलकुंभी को क्लीन करने के निर्देश दिए।

## पेज 9 के शेष

### पुरानी मीटर की जगह ..

को मोर बिजली एप के माध्यम से हर आधे घंटे की खपत का रिकार्ड मिलने लगा है। उल्लेखनीय है कि जहाँ-जहाँ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं वहाँ पर बिलिंग और रीडिंग सहीं समय पर हो रही है। दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत विभागीय संभाग भिलाई पश्चिम शहर में 23988, भिलाई पूर्व संभाग में 18418, दुर्ग शहर संभाग में 24142, बालोद संभाग में 24383, दुर्ग संभाग में 34005, बेमेतरा संभाग में 26368, साजा संभाग में 20782, अहिवारा संभाग में 30745 एवं पाटन संभाग में 36491 निम्नदाब उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी एवं सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं।

### मोबाइल पर मोर बिजली एप के ...

क्षमता रखता है। जिससे बिजली बिल खपत की सारी जानकारी उपभोक्ता को मोबाईल फोन पर मोर बिजली एप के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी। स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए उपभोक्ताओं से कोई भी शुल्क नहीं लिया जा रहा है। दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जीनस कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जिनके कर्मचारी यूनिफार्म एवं विद्युत विभाग के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित आईकार्ड के साथ कार्यालयीन समय में मीटर लगाने का कार्य करते हैं। किसी भी उपभोक्ताओं को इन कर्मचारियों से कोई भी शिकायत हो तो संबंधित जोन या वितरण केंद्र के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### एक हेक्टेयर धान की ...

कि लगातार जिले के अधिकांश इलाकों में जलस्तर घटता ही चलो जा रहा है। वहीं पानी का सबसे अधिक उपयोग खेती के लिए होता है। रबी सीजन में धान की खेती का रकबा बढ़ना भी जलस्तर के कम होने का एक महत्वपूर्ण कारण है। कृषि सीजन में एक हेक्टेयर धान की खेती के लिए किसानों द्वारा लगभग 80 लाख लीटर पानी का उपयोग किया जाता है। यह मात्रा कितनी है, यह इससे समझा जा सकता है कि जितना पानी एक हेक्टेअर धान की फसल में लगता है, उतने पानी का उपयोग चार हजार लोग बड़े ही आराम से सालभर करते हैं। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि मौजूदा वक्त में जिले के हर गांव में औसतन 10 से 12 हेक्टेयर रकबे में धान की फसल ली जा रही है। ऐसे में हर एक गांव के किसानों द्वारा लगभग 50 हजार लोगों के उपयोग का पानी केवल धान के लिए इस्तेमाल कर लिया जा रहा है। यही कारण है कि आज जिले के अधिकांश इलाकों में जलस्तर घटते ही जा रहा है।

## प्राप्त लक्ष्य 12784 के अनुसार 9203 आवास किए गए स्वीकृत

# प्रधानमंत्री आवास पूर्ण करने वाला प्रथम जिला बना दुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत सभा कक्ष में ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी ली गई।

जिला दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में सतत निगरानी और कुशल निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 के आवास पूर्णता में जिला दुर्ग प्रथम स्थान पर है। वही जिला दुर्ग को प्राप्त लक्ष्य 12784 अनुसार 9203 आवास स्वीकृत किये जा चुके है। लक्ष्य के विरूद्ध 2313 आवास निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। जिले दुर्ग में 2313 परिवारों का पक्का छत में रहने का सपना साकार हुआ है।

- 2313 परिवारों का पक्का छत का सपना साकार

वही आवास मित्रों का मानदेय 16 लाख मानदेय राशि जारी किया जा चुका है। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत पलायन कर चुके, हितग्राहियों की राशि वसूली किये जाने हेतु ग्राम पंचायत भवन में नोटिस चस्पा किये जाऐ साथ ही यथा संभव सम्पर्क करने की कोशिश किया जावें। महात्मा गांधी नरेगा के प्रगतिरथ निर्माण आंगनबाडी निर्माण, पंचायत भवन निर्माण उचित मूल्य की दुकान को यथाशीध्र पूर्ण किये जाने हेतु कहा गया।

बैठक में उपसंचालक पंचायत, समस्त सीईओ जनपद पंचायत, समस्त सहायक परियोजना अधिकारी जिला, एसडीओ (आरईएस), कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत, आवास समन्वयक, अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।





### धारा मे प्रस्ताव तैयार करने कहा गया

विभागीय समीक्षा के दौरान महात्मा गांधी नरेगा के तहत भारत सरकार के प्राप्त निर्देश के अनुसार ई-एमबी, युक्त धारा, संगम अभियान, के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया वही इससे महात्मा गांधी नरेगा के कार्य स्थल में परदर्शिता व जवाबदेही ऑनलाईन अनुसार दिया जा सकेगा। वही युक्त धारा में प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु कहा गया। 10 मार्च 2025 से ई-एमबी मॉडूयल को प्रारंभ किया जा चुका है। ऑनलाईन कार्यस्थल का मूल्यांकन किया जा रहा है।

### पीएम सूर्य योजना से मिलेगा लाभ

बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर योजना में लक्ष्य अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जावे, इस योजना का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देना है। इस योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगवाए जाते हैं, जिन पर आने वाली लागत पर सरकार सब्सिडी देती है. इससे बिजली बिल का झंझट तो खत्म होता ही है, बल्कि ज्यादा बिजली उत्पादित करके बेच भी सकते हैं। इसकी पहल के लिए शासकीय कर्मचारी घर प्रस्ताव लिया जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को कहा गया।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में कांग्रेस पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति शनिवार को कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल द्वारा किया गया। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष के पद पर पाटन क्षेत्र के ग्राम धौराभांटा निवासी पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग एवं किसान नेता राकेश ठाकुर को नियुक्त किया गया। राकेश ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन के बाद आज माना एयरपोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से नवनियुक्त कांग्रेस दुर्ग जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सीधे पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन भूपेश बघेल जी से मुलाकात करने उनके पदुमनगर भिलाई 3 निवास पहुंचे । जहां जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक गतिविधि व संगठनात्मक चर्चा भी हुआ। इस दौरान हरीश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, युवा कांग्रेस जिला महासचिव अमृत राजपूत, सतीश राजपूत, विक्की चंद्राकर, पालेश्वर ठाकुर, श्यामाचरण मनहर, हितेश निर्मलकर, कुणाल मिथलेश, संदीप निर्मल,अमन सिंगौर,रमन चौधरी, अमर, चंदन पटेल, साहिल यादव, शिवेंद्र साहू, केशव यादव, भुवन तुरकाने, थानेश्वर साहू, हेमंत साहू, उमेश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नवागांव खुड़मुड़ी में उल्लास महापरीक्षा में 25 ...



10 अस्पताल में रोज एक हजार मरीज रिक्त पदों ...





# पुरानी मीटर की जगह लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर, हर आधे घंटे में मिलेगी खपत की जानकारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकार नियमन 2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के द्वारा जारी मीटरिंग कोड एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के पालन में प्रदेश के सभी निम्नदाब उपभोक्ताओं (कृषि पंपों को छोड़कर) के यहां पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। जिसके परिपालन में दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले में 02 लाख 39 हजार 322 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही उपभोक्ताओं ▶▶|शेष पेज 10 पर

## आरडीएसएस योजना के अंतर्गत निःशुल्क बदले जा रहे हैं मीटर

**खास बातें**

- बेमेतरा संभाग में 26368, साजा संभाग में 20782 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं
- कंपनी ने किया दावा- मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में होगा सुधार



### मोबाइल पर मोर बिजली एप के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी खपत की जानकारी

कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं की बिलिंग एवं रीडिंग संबंधी शिकायत दूर हो रही है। पावर कंपनी ने बताया कि ऊर्जा खपत की गणना की दृष्टि से दोनों मीटर एक ही है। परंतु स्मार्ट मीटर की खासियत यह है कि यह पारदर्शिता के साथ सूचना आदान-प्रदान करने की ▶▶|शेष पेज 10 पर

### मुख्य अभियंता खंडेलवाल ने बताए लाभ

दुर्ग रीजन के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकार नियमन 2020 के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लिए गये निर्णय के तारतम्य में चरणबद्ध तरीके से पुराने इलेक्ट्रिकल मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलना है। अतः सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य है। मुख्य अभियंता ने बताया कि मीटर बदलने के कारण अधिक बिल आने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदे भी बताए जिसके अंतर्गत बिलिंग में मानवीय हस्तक्षेप समाप्त, सहीं रीडिंग एवं सहीं बिलिंग, बिजली कार्यालयों के बार-बार चक्कर काटने से छूटकार, स्मार्ट मीटर में सूचना की पारदर्शिता, उपभोक्ता को खपत का पूरा विवरण, हर 30 मिनट की खपत की जानकारी फोन पर जिससे विद्युत का किफायती से उपयोग किया जा सकेगा, उपभोक्ता के वोल्टेज एवं आपूर्ति बाधित होने की पूर्व सूचना मोर बिजली एप द्वारा दी जाएगी, भविष्य में सोलर रुफटॉप कनेक्शन लेने पर नये मीटर मॉडेम खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास सेवा समिति का चुनाव 30 मार्च को

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन सेक्टर-6 के पदाधिकारियों का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो रहा है। इस वजह से आमसभा चुनाव 30 मार्च सुबह 8 से 4 बजे तक भवन में रखा गया है। सेवा समिति के चुनाव के विषय में समाजसेवक रोहन बरमाल ने कहा कि समाजसेवा करने से दूसरों को मदद मिलती है। उन्होंने समाज के लोगों से चुनाव में हिस्सा लेने की अपील की है।

### शादी का झांसा देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मोहला।** विवाह करने का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया द्वारा 18 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया कि गजेन्द्र सिंह मरकाम 30 साल द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करता था। माह नवंबर 2023 में उसकी मुलाकात गजेन्द्र सिंह मरकाम से फोन के माध्यम से सम्पर्क हुआ था। जिससे बातचीत के दौरान दोनों का एक-दूसरे से दोस्ती हो गया और फिर दोनों में प्रेम हो गया। गजेन्द्र सिंह ने शादी का प्रलोभन देकर 3 दिसंबर 2023 को प्रार्थिया के बर्थ-डे में मिलने बुलाया तो प्रार्थिया उससे मिलने स्कूटी में उसके गांव गई। आरोपी गजेन्द्र सिंह अपनी कार में आया और प्रार्थिया को कोरलवंड बीच जंगल ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 64 (2) (म) 69, 351 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### कैनाल रोड किनारे 530 लोगों का कब्जा, नोटिस

**भिलाई।** नगर निगम क्षेत्र में निर्मित केनाल रोड नागरिकों के आवागमन का प्रमुख माध्यम बना हुआ है। ख़ुर्सीपार से शुरू हो करके अवंती बाई चौक तक पहुंचने का प्रमुख लाइफलाइन होगा। अभी खुर्सीपार पर से शुरू होकर के नंदनी रोड तक बन गया है। अब कैनाल रोड आगे बढ़ते हुए जोन क्रमांक 3,2,1 से होकर जाकर पूर्ण होना है लेकिन नंदिनी रोड से आगे जाकर के नाले के किनारे किनारे नागरिकों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जो कैनाल रोड बनाने में समस्या पैदा कर रहा है।

### राइस मिल में लगी आग, लाखों का धान और बारदाना खाक

**भिलाई।** रविवार की सुबह चिखली स्थित नारायण राइस मिल में भीषण आग लगने से लाखों रुपए का धान और बारदाना जल गया। घटना सुबह 7.3 बजे की बताई जा रही है। सूचना पर अग्निशमन दल की टीम मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक दमकल के 25 से 30 वाहनों के पहुंचने के बाद दोपहर 12 बजे नारायण राइस मिल के आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने दमकल कर्मियों को चार घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। राइस मिल कैलाश रूंगटा के होने की खबर है। रविवार की सुबह जैसे ही राइस मिल से धुआं निकलना शुरू हुआ तो वहां काम करने वाले मजदूरों ने इसकी जानकारी मालिक को दी।

## समस्या : शहर से लेकर गांव तक लोग हर एक बूंद पानी के लिए कर रहे हैं जद्दोजहद

# एक हेक्टेयर धान की खेती में लग रहा 80 लाख लीटर पानी, 6 हजार में हो रही खेती, इसलिए बढ़ा जलसंकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जलसंकट की आहट इस बार मार्च के शुरूआती दिनों से ही शुरू हो गई है। शहर से लेकर गांव तक लोग हर एक बूंद पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। छोटे नदी-नालों में भी जलभराव की स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में

जलाशयों से पानी मंगाकर लोगों की प्यास बुझाने का काम प्रशासन को करना पड़ रहा है। जलसंकट की इस स्थिति के पीछे बहुत से कारण हैं, लेकिन सबसे अहम कारण जितना पानी हम उपयोग कर रहे हैं, उसके मुकाबले वाटर रिचार्ज यानि जल पुनर्भरण की दिशा में काम नहीं करना है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 85 फीसदी पानी खेती के लिए उपयोग होता है। ऐसे ही 10 प्रतिशत पानी का उपयोग उद्योग द्वारा किया जा रहा है। केवल 5 फीसदी पानी का उपयोग ही पेयजल के लिए होता है। जिले में इंडस्ट्रीज से लेकर खेती में गर्मी के दिनों में बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग तो लगातार हो रहा है। लेकिन जलस्तर बढ़ाने या उसे मजबूत बनाए रखने की दिशा में काई पहल नहीं हो रही है। यही कारण है ▶▶|शेष पेज 10 पर

- शासन-प्रशासन की समझाइश के बाद भी कई किसान रबी में ले रहे धान की फसल



### तीन गुना पानी ले रहे धान उत्पादक किसान

प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अनुसार एक व्यक्ति पूरे सालभर में लगभग 20 से 30 हजार लीटर पानी का उपयोग करता है है। इसके अनुसार जिले की पूरी आबादी के लिए 2400 करोड़ लीटर पानी सालाना उपयोग के लिए चाहिए। वहीं एक हेक्टेयर खेती के लिए लाख लीटर पानी लगता है। इस बार जिले में करीबन 6 हजार हेक्टेअर में धान की खेती हो रही है। इस हिसाब से धान के लिए ही किसानों द्वारा 4000 करोड़ लीटर पानी का उपयोग किया जा रहा है। यही कारण है कि पेयजल एवं निस्तारी के लिए भी पानी की कमी शहर सहित गांव तक होने लगी है।

### हर गांव में सूखने लगे हैंडपंप

जलस्तर घटने का सीधा असर ग्रामीण इलाकों में लगे हैंडपंपों में देखने को मिल रहा है। अभी गर्मी के दिन ठीक से शुरू भी नहीं हुआ है और अभी से से ही जिले में सवा दो सौ हैंडपंप से पानी आना बंद हो गया है। एक अनुमान के मुताबिक गर्मी के चरम पर आने के बाद यह संख्या तीन हजार तक पहुंच सकती है। ऐसे में पानी को लेकर इलाकों में स्थिति और बिगड़ सकती है।

### कुछ को मुनाफा बाकी प्रभावित

रबी सीजन में बड़ी संख्या में किसनों द्वारा अन्य फसलें ली जाती हैं। हर गांव में 10 से 15 फीसदी किसान ही धान की खेती करते हैं। लेकिन, इन 10 से 15 फीसदी किसानों के मुनाफे के चक्कर में पूरा जिला प्रभावित हो रहा है। यदि जिले में किसान रबी सीजन में अन्य फसल को महत्व देना शुरू कर दें, तो आने वाले कुछ सालों में ही जलसंकट की स्थिति पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है।

### 300 फीट पहुंचा जलस्तर

जिले में कभी औसत जलस्तर सौ फीट से भी कम हुआ करता था, लेकिन अब लगातार पानी के बढ़ते उपयोग के कारण जलस्तर पर भी काफी प्रभाव पड़ा है। जिले में इस समय औसतन जलस्तर तीन सौ फीट के करीब पहुंच गया है, यह इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों में से जलस्तर घटने लगा है। यही स्थिति रही तो आने वाले सालों में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है।

### वाटर रिचार्ज करना जरूरी

किसी भी इलाके में जितना पानी उपलब्ध होता है यदि उससे अधिक उपयोग कर लिया जाए तो उस इलाके का जलस्तर घटता चला जाता है। जिले में पिछले कुछ सालों से किसान, इंडस्ट्रीज के साथ ही आम लोगों द्वारा भी जलस्तर बढ़ाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। यही कारण है लगातार जलस्तर घट रहा है।

# भदराली संकुल समन्वयक बलीराम पर गिरी गाज, पद से हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे ने 7 मार्च को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भदराली विकासखण्ड नवागढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान बच्चे 12:50 बजे स्कूल के बाहर खेलते व घूमते पाए गए। साथ ही प्रधान पाठक व अन्य शिक्षक गप मारते पाये गए।

यह भी पाया गया कि शिक्षक व प्रधान पाठक प्रतिदिन प्रार्थना के समय में भी उपस्थित नहीं रहते और अपने मनमर्जी से स्कूल आना जाना करते हैं। प्रधान पाठक द्वारा शाला की साफ सफाई, रंग रोगन और पोताई का कार्य भी नहीं कराया गया है। शाला अनुदान राशि पंजी का संधारण भी नहीं किया गया है। बलीराम ध्रुव संकुल समन्वयक संकुल केन्द्र भदराली विकास खंड नवागढ़ के द्वारा संकुल के शालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण नहीं किया जाने के कारण तथा संकुल की जानकारी उच्च कार्यालय को प्रस्तुत नहीं किया जाने के कारण तथा उनके कार्य के प्रति उदासीनता के कारण ही यह स्थिति निर्मित हुई है। अतः संकुल समन्वयक भदराली को तत्काल प्रभाव से उनके संकुल समन्वयक पद से कार्य मुक्त किया जाता है। साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भदराली के प्रधान पाठक की स्कूल आने की स्वेच्छाचारिता, अनियमितता और रंग रोगन व शाला भवन की पुताई तथा साल अनुदान राशि संधारण में अनियमिकता से संबंधित जांच के लिए प्राचार्य सेजेस नांदघाट नारायण दास जांगड़े तथा सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ डीपी कोइरी को जांच अधिकारी बनाया गया है। दोनों अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि उक्त सभी बिंदुओं पर स्पष्ट अभिमत दिनांक 2 अप्रैल तक मेरे समक्ष जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय आकर अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।

- जिला शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मिली गड़बड़ी के बाद की कार्रवाई

# जिले के 5 शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया गया शिक्षा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाटापारा, बलौदा बाजार में आयोजित श्री 1008 भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक रथ यात्रा महोत्सव शुभ मंगल प्रसंग के अवसर पर वृहद रूप से राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राखी, विकासखंड साजा की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी, शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखंड बेरला की प्रधान पाठिका अम्बालिका पटेल, शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखण्ड साजा की नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा, शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा की नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस व शिक्षक राधेश्याम बैस को जनसहयोग से अपनी शाला के विकास में नवीन तथा रचनात्मक कार्य करने तथा नई-नई तकनीकों से सैद्धांतिक ज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास में विद्यार्थियों को अग्रसर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए उत्कृष्ट शिक्षक की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के साथ ही, सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं को एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। यह सम्मान उनकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और उनकी रचनात्मक शिक्षा पद्धति के लिए दिया गया है।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित









### पूर्व में भी मिल चुके हैं पुरस्कार

बता दें कि गायत्री जोगी को इससे पूर्व पिछले वर्ष संभाग की सर्वश्रेष्ठ प्रधान पाठिका के रूप में पुरस्कृत किया जा चुका है। जबकि नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस को विकासखण्ड स्तरीय, जिला स्तरीय, एवं राज्य स्तरीय अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। सभी ने अपने सम्मान के लिए चैरिटेबल ट्रस्ट और समारोह के आयोजकों को धन्यवाद दिया और कहा कि ट्रस्ट द्वारा यह सम्मान पाकर वे बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इसके लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी ने कहा कि यह सम्मान पाकर और अधिक ऊर्जा के साथ बच्चों को ज्ञानवान और योग्य बनाने तथा शाला विकास की दिशा में कार्य करते रहेंगे। जिले के ये पांचों शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने-अपने विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य और नवाचारी गतिविधियों के लिए जानी जाती है।

## सड़क सुरक्षा पर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

# ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर रणवीर शर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसपी रामकृष्ण साहू भी उपस्थित थे । इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं और रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया और जनजागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि सड़क पर चलने के दौरान यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।


एसएसपी साहू ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति सभी नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में सड़कों पर लगे खराब संकेतक और लाइटों की मरम्मत के निर्देश भी दिए गए, ताकि रात के समय सड़कें सुरक्षित बनी रहें।




### हेलमेट और ट्रैफिक नियमों पर जागरूकता अभियान की योजना

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और अन्य सुरक्षा उपायों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि हेलमेट न केवल दुर्घटनाओं से बचाव करता है, बल्कि सड़क नियमों के पालन में भी सहायक है। एसएसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि सड़कें सुरक्षित और दुर्घटनाएं कम हो सकें। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई, आरटीओ अरविन्द भगत, डीएसपी कौशिल्या साहू और यातायात पुलिस सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# डीईओ ने केंद्रीयकृत परीक्षा और बोर्ड परीक्षा का किया निरीक्षण



**बेमेतरा।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं हिंदी विषय के परीक्षा व हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के नवागढ़ विकासखण्ड के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। सोमवार को कक्षा बारहवीं के विषय जीवविज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन विषयों की परीक्षा संचालित हो रही थी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने आकस्मिक निरीक्षण के लिए सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला नारायणपुर, शासकीय हाई स्कूल नवागांव, शासकीय हाई स्कूल नारायणपुर, शासकीय हाई स्कूल नांदघाट विकास खंड नवागढ़ का निरीक्षण किया। जिसमें समस्त केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक व सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होना पाया गया। किसी भी प्रकार का कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं मिला।

## खबर संक्षेप



### नगर सेवाएं में राजभाषा कार्यशाला, मिले पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग के सहयोग से नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सीजीएम उत्पल दत्ता थे। श्री दत्ता ने कहा कि अन्य कार्मिकों को भी हिंदी के आयोजनों में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करना होगा और हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए सहायता करना होगा। नगर सेवाएँ विभाग को संयंत्र स्तर पर हिंदी में सराहनीय कार्यों के लिये वार्षिक राजभाषा वैजयंती पुरस्कार मिलता रहा है, हमें अच्छे प्रदर्शन का यह क्रम लगातार बनाए रखना है। इस अवसर पर नगर पर्यावरण एवं सुरक्षा विषय पर आयोजित नारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, प्रथम पुरस्कार - संजय कुमार श्रीवास्तव, सुपरवाइज़र , द्वितीय पुरस्कार - पूरन लाल साहू, सहायक महाप्रबंधक (पीएचई), तृतीय पुरस्कार - सत्यनारायण साहू, व्याख्याता एवं श्री अजय बनर्जी, एस.ए. ने प्राप्त किया। विभागीय प्रतिवेदन सहायक महाप्रबंधक व विभागीय राजभाषा समन्वयक यशवंत कुमार साहू ने प्रस्तुत किया।

### सर्विसेस जोन के कार्मिकों को मिला शिरोमणि

**भिलाई।** बीएसपी के सर्विसेस जोन के अंतर्गत आने वाले विभागों के लिए पाली व कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संयंत्र भवन स्थित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी के सभागार में किया गया।उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जुलाई से सितंबर 2024 के लिए अग्निशमन विभाग के कनिष्ठ प्रबंधक श्री देबाशीष भट्टाचार्जी को पाली शिरोमणि पुरस्कार तथा तनिश कुजूर (ईएमडी), दीपक शुक्ला (आरएमडी), उदयराम नेताम (एमआरडी), पुरुषोत्तम राव (फायर ब्रिगेड) और श्री श्वेतांक सिंह (पीपीसी) कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य जागरूकता : जिले में सीवाय टीबी जांच की सुविधा का भी किया गया शुभारंभ

# विश्व क्षय दिवस पर बेमेतरा जिले में टीबी को लेकर शुरू हुआ व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर बेमेतरा जिले के जिला अस्पताल और समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले में सीवाय टीबी जांच की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव और जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बंसोड ने हरी झंडी दिखाकर टीबी जन-जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अभियान के तहत साजा में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा, नवागढ़ से डॉ. एमएस रजा, बेरला से डॉ. जितेंद्र कुंजाम, और नवागढ़ में तहसीलदार विनोद कुमार कुर्रे उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाईके धुर्वे ने बताया कि अब जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सी वाय - टीबी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे टीबी के प्रारंभिक लक्षणों वाले मरीजों को पहचान कर टूनाट और चेस्ट एक्स-रे के माध्यम से




टीबी की जांच की जा सकेगी। साथ ही टीबी के कम लक्षण वाले मरीजों को टीपीटी (दवाई) भी दी जा सकेगी। यह जांच 24 मार्च 2025 से 24 अप्रैल 2025 तक चलेगी।

### साजा पीजी कॉलेज में जागरूकता सेमिनार और रंगोली प्रतियोगिता


विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में साजा के शासकीय देवी प्रसाद चौबे पीजी कॉलेज में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें टीबी बीमारी की पहचान, टेस्ट, देखरेख और उपचार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कॉलेज के प्राचार्य राजेश धर दीवान और प्राध्यापक ओमकार वर्मा, शिव कुमार साहू, मनोज प्रजापति, भूपेंद्र चौधरी ने व्याख्यान दिया। कॉलेज विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर टीबी बीमारी के लक्षण, उपचार और बचाव की ओर ध्यान आकर्षित किया।

**निक्षय निरामय अभियान के सफल परिणाम :** बेमेतरा जिले में पिछले 100 दिनों से चल रहे निक्षय निरामय अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अभियान से टीबी मरीजों की पहचान और टेस्ट दर में व्यापक वृद्धि हुई है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में शपथ भी ली।

### विश्व क्षय दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

24 मार्च 1882 को डॉ. रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया की खोज की थी, जिसके उपलक्ष्य में हर वर्ष विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम है यस! वी एन्ड टीबी : कमिट, इन्वेस्ट, डिलीवर यानी हाँ! हम टीबी समाप्त कर सकते हैं: प्रतिबद्ध रहें, निवेश करें, परिणाम दें! टीबी के लक्षणों जैसे कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम, छाती में दर्द, गले में गांठ, कमजोरी, और वजन घटने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर टूनाट, सीबीनाट, या एक्स-रे जांच करवाने की अपील की गई। सी वाय - टीबी जांच सकारात्मक आने पर मरीज को तुरंत दवा (टिपिटी) प्रदान की जाएगी, और जांच नकारात्मक आने पर तीन महीने बाद पुनः जांच की जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदन योजना शिविरों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जेवरा बिजाभाट, सरदा, अमोरा, खर्रा और देवरी का कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने दौरा किया। उन्होंने वहां आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। ये शिविर ग्राम पंचायत खंडसरा और बेरला में आयोजित किए गए थे।

कलेक्टर ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करें कि दोनों योजनाओं के तहत लक्षित सभी लोगों को 100 प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों से शिविर में मौजूद सुविधाओं की भी जानकारी ली और लाभार्थियों से बातचीत कर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। सीईओ टेकचंद अग्रवाल और एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी ने भी विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा की और योजनाओं को समय पर लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

- शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रशासनिक अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि शिविर में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। कलेक्टर ने ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि आयुष्मान योजना और वय वंदन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए और इसके लिए सभी प्रशासनिक विभागों को सामंजस्य से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा हर नागरिक को स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# लालपुर स्कूल में मना विश्व टीबी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर, विकासखंड नवागढ़ में विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीबी हारेगा, देश जीतेगा के संदेश के साथ बच्चों और शिक्षकों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। नवाचारी शिक्षक शांत कुमार पटेल ने विद्यार्थियों को बताया कि टीबी एक बैक्टीरिया जनित रोग है, जो माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्यूलोसिस से फैलता है। यह रोग संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से हवा के माध्यम से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी को शाम को बुखार आना, बलगम में खून आना, रात में अधिक पसीना आना, भूख न लगना, वजन कम होना, छाती में दर्द या गले में गठान जैसी समस्याएँ हों, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करानी चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, रामायण मनहरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शांत कुमार पटेल सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों से संवाद किया गया और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।टीबी हारेगा, देश जीतेगा, के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

- टीबी के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में दी गई जानकारी

# युगत्रेता का मंचन व राम खिचड़ी ने आहार विद्या का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

माहेश्वरी भवन में कलाकारों ने मानस थिएटर के माध्यम से मानस बैंड और नाटक युगत्रेता का मंचन किया। आवाज, अंदाज और सनातन के इस अनूठे संयोग ने दर्शकों को बेहद प्रभावित किया।

- मानस बैंड के कलाकार अमन की धुन पर आत्ममुग्ध हुए लोग
- राम रसोई के संचालक रमन अग्रवाल को दिया जाएगा ओजस्वी सम्मान

इस दौरान महेश वर्मा ने युगत्रेता में रावण का अभिनय किया। एक तरफ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए राम खिचड़ी तो दूसरी ओर मानसिक स्वास्थ्य के लिए मानस बैंड के कलाकार अमन पहाड़ी ने राम से



जुड़े शगुन धुन सुना कर सबको सम्मोहित कर लिया । इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले प्रदेश के सामाजिक जनों में बिलासपुर के चंद्र प्रकाश देवरस, कमल मुखर्जी, मुंगेली के डीके सोलंकी तथा बेमेतरा के चिंता राम साहू सहित राम रसोई के संचालक रमन अग्रवाल का मानस तिलक कर ओजस्वी सम्मान के लिए चयनित किया गया। उल्लेखनीय है यह सम्मान राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा। माहेश्वरी संघ के पदाधिकारियों ने इस आयोजन के लिए साधुवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पत्रकार राजेश दुआ ने किया। इस अवसर पर युगत्रेता के डायरेक्टर वसंत वीर उपाध्याय ने बेमेतरा में पहुंचे प्रदेश के सभी वरिष्ठ संघ के दर्शकों सहित बेमेतरा के नागरिकों व जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वेलफेयर कौंसिल गोंड समाज का मिलन समारोह

**भिलाई।** वेलफेयर कौंसिल ऑफ़ गोंड समाज का राज्य स्तरीय वार्षिक आम सभा और पारिवारिक मिलन समारोह अंबेडकर भवन सेक्टर 6 में हुआ। विशिष्ट अतिथि विधायक देवेंद्र यादव थे। उन्होंने समाज को सामाजिक भवन के लिए हर संभव मदद करने का वादा किया। समाज के अध्यक्ष रघुबर गोंड ने बताया कि समाज द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हैं, उनके बच्चों का शैक्षणिक शुल्क उनके स्कूल में जाकर समाज द्वारा भुगतान किया गया । समाज के वरिष्ठ जनों द्वारानशे से दूर रहने और बच्चों को शिक्षित करने की अपील की गई। जी सी अकादमी के संस्थापक अर्जुन शाह द्वारा बच्चों का क्विज़ का आयोजन किया गया और प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले तक के बच्चों को समाज द्वारा पुरस्कृत किया गया । पूर्व में स्व. प्रयाग शाह को श्रद्धांजलि दी गई। युवक युवती का परिचय उनके माता-पिता के साथ किया गया।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानो में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का दिया सन्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखण्ड साजा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन किया गया । विश्व क्षय रोग दिवस पर डॉ दीक्षा जैन को संस्था में आमंत्रित किया गया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने उनका ग़ुलाल लगाकर तथा स्कार्फ़ एवं पेन से स्वागत एवं सम्मान किया। डॉ दीक्षा जैन ने इस अवसर पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह तपेदिक की वैश्विक महामारी एवं बीमारी को ख़त्म करने के प्रयासों के बारे में जन जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। फिर उन्होंने

- विश्व क्षय रोग दिवस पर किया गया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



इसके कारण, लक्षण एवं प्रभाव को भी बताया। चूंकि डॉ दीक्षा जैन कार्डियोलॉजी की पढ़ाई कर रही हैं अतः उन्होंने हृदय सम्बंधित बीमारियों एवं उनके लक्षण तथा उपचार आदि की भी हम सभी को जानकारी दी।

नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने भी सभी से अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम, फल, हरी सब्जियों को शामिल करने की बात कही तथा तली हुई, फास्ट फूड एवं जंक फूड से दूरी बनाने को कहा। संकुल समन्वयक सरोज कुमार यदु ने शाला परिवार की ओर से शिक्षिका के इस पहल की सराहना करते हुए डॉ दीक्षा जैन को अपना अमूल्य समय प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक किशुन राम साहू, सरोज कुमार यदु, प्रतीक जैन, डॉ दीक्षा जैन एवं उनके पिता विमल चंद जैन तथा समस्त बच्चे उपस्थित थे।

# क्षत्रिय समाज ने सपा सांसद रामजी लाल का पुतला फूंका



**नवागढ़।** ठाकुर क्षत्रिय समाज नवागढ़ ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा पर की गई टिप्पणी का विरोध किया है। रविवार शाम बस स्टैंड नवागढ़ पर एकत्रित हुए समाज के लोगों ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने सांसद के विवादित बयान की निंदा की।

राजपूत क्षत्रिय उप समिति नवागढ़ अध्यक्ष मिथिलेश बिसेन ने कहा कि सांसद ने देश के वीर सपूत के बारे में अनर्गल बयानबाजी की है। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने सांसद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान युवराज सिंह, डैनी सिंह,वीरेश सिंह, पृथ्वी सिंह, गणेश सिंह, बहोरन सिंह, अजय सिंह, प्रकाश सिंह, जितेंद्र सिंह, नित्यानंद सिंह, शिवांश सिंह, हिमांशु सिंह, रामसजीवन सिंह सहित समाजिकजन उपस्थित रहे।

# नवागांव खुड़मुड़ी में उल्लास महापरीक्षा में 25 शिक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास नवभारत साक्षरता महाअभियान के तहत महापरीक्षा में बेमेतरा विकासखंड के नवागांव खुड़मुड़ी के शासकीय प्राथमिक शाला परीक्षा केंद्र में सभी 25 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उन्हें परीक्षा केंद्र तक लाने के लिए चार पहिया वाहन की व्यवस्था की गई थी।

परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के लिए संकुल शैक्षिक समन्वयक गौतम साहू एवं संकुल प्रभारी दिलीप सिंह ठाकुर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी का आगमन हुआ और उन्होंने केंद्र में चल रही उल्लास महापरीक्षा अभियान का निरीक्षण किया और बहुत खुशी जाहिर की। तत्पश्चात जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके



घृतलहरे का आगमन हुआ। उन्होंने सभी शिक्षार्थी से बहुत ही सरल, सहज तरीके से बातचीत की। पेपर बना रहे शिक्षार्थी को देखकर बहुत खुशी जाहिर किया। इस परीक्षा केंद्र में सभी शिक्षार्थियों के लिए सुंदर भोजन की व्यवस्था की गई थी। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने स्वयं अपने हाथों से सभी शिक्षार्थियों को खीर और पूरी परोसी। परीक्षा कार्य में स्वयंसेवी शिक्षिकाओं के कार्य की खूब सराहना की। अंत में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ बैठकर डाइट प्राचार्य ने भी भोजन का आनंद लिया। इस महापरीक्षा अभियान में केंद्राध्यक्ष निशा सोनी एवं पर्यवेक्षक के रूप में जगन्नाथ ध्रुव, गीतेश्वर साहू, सतरूपा बनर्जी, पुष्पा लहरे, किरण बंजारे, अरूणिका रामटेके, आरती पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस परीक्षा केंद्र में उल्लास महापरीक्षा अभियान उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ।

# राज्य की भाजपा सरकार पूरे प्रदेश को शराब के नशे में डूबना चाहती है : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने राज्य की भाजपा सरकार पर पूरे प्रदेश को शराब के नशे में डूबाने का आरोप लगाया है। श्री छाबड़ा ने एक बयान जारी कर कहा है कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेश को नशे का आदि बनाना चाहती है।

यही कारण है कि चुनाव से पहले तक शराब बंदी को लेकर आंदोलन करने वाली भाजपा प्रदेश में एक भी शराब दुकान को बंद तो नहीं कर सकी, किंतु हां 67 नये दुकान खोलने की घोषणा कर दी, जो अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो जाएंगी। इससे स्पष्ट है कि भाजपा की नीति महतारी वंदन के नाम पर 1000 बांटकर लोगों से उनके घरों की जमा पूंजी को शराब का आदी बनाकर उनके घरों को बिकवाने का कार्य करेगी। उन्होंने आरोप लगाया



- नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर लगाए आरोप

कि भाजपा सरकार में जहां एक ओर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं, दूसरी ओर प्रदेश की कानून व्यवस्था से संभाल नहीं पा रही है। ऐसे में शराब दुकानों का बढ़ाया जाना प्रदेश की गरीब जनता पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार जहां गांव गरीब और किसान की चिंता करती थी, वहीं आज यह भाजपा की पूंजीवादी सरकार सिर्फ और सिर्फ अपने कमाई की चिंता कर रही है। लोगों को 1000 रूपए बांटकर उनकी जेबों से 10 हजार रूपए निकालने का काम यह भाजपा सरकार कर रही है। श्री छाबड़ा ने बताया जहां कांग्रेस सरकार ने गरीबों के बच्चों के लिए उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्वामी आत्मानंद विद्यालय खोलें किसानों का कर्ज माफी धान खरीदी में अप्रत्याशित बढ़ोतरी सहित प्रदेश के पूरे गांव में गौठानों का विकास का कार्य किया, वहीं आज भाजपा सरकार लोगों की मूलभूत सुविधाओं को छोड़कर घर-घर शराब पहुंचाने का कार्य करने में लगी हुई है। नौजवानों को प्रदेश सरकार नशे की लत में डुबो देना चाहती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ-साथ बेमेतरा में 6 नई शराब दुकान खुलेंगी, जो पूरे बेमेतरा अचल को नशे में डूबने का एक षड्यंत्र है। विकास के नाम पर अब तक एक ईट भी बेमेतरा में नहीं रखी गई है, किंतु 1 अप्रैल से बड़े पैमाने पर शराब दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है, जो निश्चित ही बेमेतरा जिले को नशे में डूबाने का एक षड्यंत्र है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई ,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport